**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**जीएसटी–पीसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि नए जी.एस.टी. सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहारी सीज़न के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। वे आज नई दिल्ली में सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ जी.एस.टी. बचत उत्सव पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि जी.एस.टी. दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुँच रहा है। इस अवसर पर सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले नवरात्रि त्योहार की तुलना में इस वर्ष नवरात्रि सीज़न में इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. सुधारों के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम हो रही हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग का सीधा लाभ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग को मिल रहा है।

................................................................................

**धनतेरस उत्सव**

देशभर में आज धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। इस पर्व के साथ ही दिपावली के उत्सवों की शुरुआत हो जाती है, जिसमें नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज शामिल हैं। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस शुभ दिन पर, लोग भगवान धन्वंतरि, भगवान कुबेर व देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और इसके साथ ही सोने व चांदी की वस्तुएं और नए बर्तन खरीदना भी शुभ मानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धनतेरस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस मौके पर सभी की खुशी, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

................................................................................

**दिवाली**

इस बीच प्रदेश में दिपावली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग मिठाई, खील–बताशे सहित उपहारों व अन्य चीजों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। हिमाचल पथ परिवहन निगम ने इस दौरान बाहरी राज्यों से त्यौहार मनाने लौट रहे प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बस सेवाएं संचालित की हैं। दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए

कल 19 अक्तूबर तक ये अतिरिक्त बसें चलाई जा रही हैं। दूसरी ओर दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग, अग्निशमन व पुलिस विभाग भी मुस्तैद हो गया है। अग्निशमन विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार सिप्पी ने बताया कि दिपावली त्यौहार के दौरान अग्निकाण्ड जैसी घटनाओं से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है।

***इस वर्ष भी जो हमारे फायर फीटिंग व्हीकल है और फायर जो पर्सनल हैं सभी स्टेशनों में दो शिफटे बना रखी है ताकि दिवाली के त्यौहार के दौरान आगजनी की घटनाएं बढ़ने की संभावनाएं अधिक होती है तो इन घटनाओं से कारगर तरीके से निपटने के लिए पर्याप्त स्टाफ को तेनात कर रखा है। कर्मचारियों को अफसेशन केस में छुटी देते हैं बाकी इस त्यौहारी समय में उनको स्टेशन में तैनात होने के निर्देश जारी किए गए हैं।***

---

## जीएसटी लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। कुल्लू निवासी गिरीश वर्मा ने बताया कि जी.एस.टी. सुधारों के बाद कृषि बागवानी क्षेत्र में बड़ी राहत मिली है।

***कुल्लू जिला के दुआड़ा गांव निवासी गिरीश वर्मा ने बताया कि हम किसानों और बागवानों को केंद्र सरकार की तरफ से मिली एक बड़ी राहत मिली है। पहले जब हम कृषि और बागवानी में इस्तेमाल होने वाली दवाइयाँ, स्प्रिंकलर सिस्टम, और सूक्ष्म तत्व और स्पेयर पाट्स खरीदते थे, तो हमें इन पर 12 व् 18 प्रतिशत कर प्रतिशत जीएसटी देना पड़ता था। लेकिन अब सरकार ने बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। उत्पादों पर जीएसटी घटाकर केवल 5 प्रतिशत कर दिया गया है। अब हमें 7 से 13 प्रतिशत तक की सीधी राहत मिली है।***

---

## रोजगार मेला

देशभर में 24 अक्तूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। इधर शिमला स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में भी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले के दौरान विभिन्न विभागों में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इससे पहले देश में इस तरह के 16 रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जो रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। देशभर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। ये नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

---